Welcome of H.E. Dr. Tulia Ackson President of Inter-Parliamentary Union (IPU) and Speaker of the National Assembly of the United Republic of Tanzania

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की प्रेज़िडेंट और तंजानिया संयुक्त गणराज्य की नेशनल असेम्बली की अध्यक्ष माननीय डॉ. तुलिया एकसन का स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। वे हमारी सम्मानित अतिथि के रूप में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आयी हैं। यह हमारे लिए खुशी की बात है कि डॉ. एकसन बजट सत्र को देखने के लिए यहां उपस्थित हैं।

माननीय डॉ. तुलिया एकसन शुक्रवार दिनांक 19 जुलाई, 2024 को भारत पहुंचीं। उन्होंने 21 जुलाई, 2024 को आगरा का भ्रमण किया और इस समय वे विशेष बॉक्स में आसीन हैं। हम भारत में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं। हम अंतर संसदीय संघ की प्रेज़िडेंट के रूप में उनकी भूमिका की सफलता की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम तंजानिया गणराज्य की संसद के सदस्यों, तंजानिया की सरकार तथा वहां की मित्रवत् जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

<u>11.02 hrs</u>